52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.8 °c अधिकतम 24.3 °c

**अमृतवाणी**

दूरी मायने नहीं रखती जब आपके रिश्ते की जड़ें मजबूत हों।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अखिलेश यादव को मानसिक रोग हो गया है उसका अच्छे से इलाज कराएं : केशव प्रसाद मौर्य



ये अच्छी बात नहीं है.......

सूर्योदय : 7:12 सूर्यास्त-5:49 | वर्ष : 52/ अंक : 23 | बृहस्पतिवार, 23 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

# वेस्ट यूपी का सबसे बड़ा एनकाउंटर करने वाले इंस्पेक्टर सुनील शहीद

- शामली में सोमवार की रात हरियाणा बॉर्डर पर एसटीएफ मेरठ से मुठभेड़ में लखटकिया अरशद समेत चार बदमाश हुए थे ढेर
- बदमाशों की फायरिंग में एसटीएफ इंस्पेक्टर को लगी थी पेट में चार गोलियां, लीवर हो गया था छलनी, दो ऑपरेशन के बाद मौत

**शामली, 22 जनवरी (बु.)।** जनपद में हरियाणा राज्य से लगते बॉर्डर के गांव के जंगल में एसटीएफ मेरठ यूनिट के पुलिस कर्मियों की कग्गा गैंग के बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार दत्त अखिरकार जिन्दगी और मौत के बीच चल ही जंग में जिन्दगी हार बैठे। वेस्ट यूपी का सबसे बड़ा एनकाउंटर करने वाले इंस्पेक्टर सुनील की शहादत हो जाने से पुलिस विभाग में गम का माहौल बना हुआ है, उनके बलिदान को लेकर प्रत्येक पुलिस कर्मी ने उनको सैल्यूट किया। घायल अवस्था में भी इंस्पेक्टर सुनील ने गजब का साहस दिखाया और पुलिस कर्मियों पर फायरिंग करते कार सवार बदमाशों को रोकने के लिए उन्होंने अपनी एके 47 राइफल से कई राउंड फायर किये।

बता दें कि शामली जिले में सोमवार की देर रात एसटीएफ मेरठ की मुकीम काला और कग्गा गैंग के शातिर बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। झिंझाना थाना क्षेत्र के हरियाणा सीमा से सटे उदपुर गांव के पास 30 मिनट तक जमकर गोलीबारी हुई। दोनों ओर से 40 राउंड से अधिक गोलियां चली। चार बदमाशों को मार गिराने के बाद घटनास्थल को सील कर दिया गया था। इसी मुठभेड़ में एसटीएफ मेरठ यूनिट के इंस्पेक्टर और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट सुनील कुमार दत्त चार गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनको पहले करनाल के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिलाया गया, इसके बाद गंभीर अवस्था में उनको हरियाणा के गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वेस्ट यूपी के सबसे बड़े एनकाउंटर में एसटीएफ मेरठ यूनिट के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार द्वारा दी गई तहरीर पर थाना झिंझाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है, इसके अनुसार, सोमवार सुबह 11 बजे ही एसटीएफ मेरठ यूनिट को मुखबिर से एक लाख के इनामी अरशद और उसके साथी के शामली क्षेत्र में आने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की सूचना मिल चुकी थी, जिस पर पुलिस ने दिन में ही उदपुर ईंट भट्ठे के पास अपनी फील्डिंग जमा ली थी। पुलिस को सफलता रात करीब दो बजे तक मिली। दोनों ओर से 30 मिनट तक जमकर फायरिंग हुई जिसमें पूरा क्षेत्र दहल उठा। बदमाशों के पास से तमंचे, कारबाइन, कारतूस और कार को पुलिस ने जब्त कर लिया। मौके पर पहुंचे डीआईजी अजय साहनी ने टीम का हौसला बढ़ाया। इसी मुठभेड़ में बदमाशों की फायरिंग रेंज में सीधे निशाने पर आ जाने के कारण एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार भी गोलियां लग जाने के कारण घायल हो गये थे। उनको गंभीर अवस्था में उपचार के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों के अनुसार उनके पेट में तीन गोलियां लगीं हुई थीं और शरीर के दूसरे हिस्से पर भी गोलियां लगी। उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में मंगलवार की सुबह से ही सघन चिकित्सा निगरानी में रखा गया। उनके दो ऑपरेशन किये गये। एकं ऑपरेशन के दौरान उनका गॉल ब्लैडर निकालना पड़ा। दूसरे ऑपरेशन में उनकी बड़ी आंत तक काटनी पड़ी। एक गोली उनके पेट को भेदकर लीवर को छलनी करते हुए कमर में धंस गई थी। इस गोली को निकालने के लिए चिकित्सकों के सभी प्रयास विफल हो गये और उसको शरीर में ही छोड़ दिया गया। इंस्पेक्टर सुनील लगातार मौत से संघर्ष कर रहे थे, लेकिन अंत में वह मौत से जिन्दगी की यह जंग हार गए। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने उनकी मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि मुठभेड़ में घायल हुए एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार की उपचार

शेष - पृष्ठ-4 पर



## सीएम योगी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**लखनऊ, 22 जनवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद शामली में अपराधियों के साथ साहसिक मुठभेड़ में कर्तव्यपालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद मेरठ निवासी उत्तर प्रदेश एसटीएफ के निरीक्षक सुनील कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। सीएम ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपयों की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा, शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा गृह जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद सुनील कुमार के नाम पर करने की घोषणा की है। सीएम ने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

## लखटकिया बदमाश अरशद सुपुर्दे खाक

**शामली, 22 जनवरी (बु.)।** शामली में मुठभेड़ में मारे गया एक लाख का इनामी बदमाश अरशद 14 साल तक लगातार उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और हरियाणा में करनाल की जेल में बंद रहा था। 16 मई 2024 को वह करनाल जेल से जमानत पर आया था। अरशद के परिजनों का कहना है कि वह उसे पुलिस के सामने पेश करना चाहते थे। सहारनपुर के गंगोह क्षेत्र के गांव बाढ़ी माजरा निवासी अरशद के भाई राशिद ने बताया कि अरशद चार भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। चारों भाइयों के पास करीब 15 बीघा खेती की जमीन है और परिवार मजदूरी करता है। बताया कि ज्यादातर मुकदमों में वह बरी हो चुका था। पुलिस उनके घर पर आती थी, जिस कारण वे अरशद को पुलिस के सामने पेश करना चाहते थे, लेकिन वह डर के मारे इधर-उधर रिश्तेदारियों व अन्य स्थानों पर छिपता फिर रहा था। उसके भाई पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, मंगलवार की देर रात तक बदमाशों का पोस्टमार्टम चलता रहा। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने पर अरशद के शव को परिजनों ने गांव ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

## सिपाही के पद पर भर्ती हुए इंस्पेक्टर सुनील ने ली थी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग

**शामली, 22 जनवरी (बु.)।** एसटीएफ एसपी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ में घायल इंस्पेक्टर सुनील मेरठ के मसूरी गांव के रहने वाले हैं। सुनील पूर्व में आर्म्स फोर्स में तैनात थे। पूर्व में पीएसी में कंपनी कमांडर थे। 25 साल पहले ही एसटीएफ में आए थे। वह कुख्यात डकैत ददुआ और ठोकिया समेत कई बड़े बदमाशों के एनकाउंटर में शामिल रहे। मूल रूप से मेरठ में मंसूरी गांव के रहने वाले इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने साल 1990 में पुलिस फोर्स जॉइन किया था। वह बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। इसके बाद उन्होंने 1997 में कमांडो ट्रेनिंग ली। इसके लिए वह गुरुग्राम से सटे मानेसर स्थित एनएसजी कैंप में रहे। वहां से लौटने के बाद उन्हें 7 अगस्त 2002 को हेड कॉन्स्टेबल के पद पर प्रमोट किया गया। इसी बीच साल 2008 में बांदा समेत पूरे बुंदेलखंड में आतंक का पर्याय बने ओमप्रकाश उर्फ उमर केवट और ठोकिया का एनकाउंटर करने वाली टीम में वो शामिल रहे। इन दोनों एनकाउंटर में उन्होंने अपनी जान की बाजी लगा दी थी। उनकी इसी बहादुरी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने साल 2011 में उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देते हुए पीएसी में प्लाटून कमांडर बना दिया था। इससे पहले साल 2009 में सुनील कुमार ने यूपी एसटीएफ जॉइन कर लिया था। इसके बाद उन्होंने कुख्यात डकैत ददुआ और यूपी के शातिर बदमाश अनिल दुजाना, आदेश, धीरज जैसे कई बड़े बदमाशों के एनकाउंटर में भी अपनी भूमिका निभाई। एसटीएफ दस्ते में उनकी बहादुरी के किस्से खूब कहे और सुने जाते हैं। इसी वजह से अप्रैल 2020 में तत्कालीन एसटीएफ चीफ प्रशांत कुमार ने उन्हें यूनिट हैड की जिम्मेदारी पर प्रमोट किया था। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक सोमवार को कग्गा गैंग के बदमाशों के शामली अने के बारे में भी इनपुट सुनील कुमार को ही मिला था। ऐसे में सीओ एसटीएफ ने उनके ही नेतृत्व में टीम बनाई और मौके पर भेजा। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने ऐसी व्यूह रचना रची थी कि कार सवार चारों बदमाश फंस गए। इंस्पेक्टर सुनील कुमार इन बदमाशों को जिंदा पकड़ना चाहते थे, इसलिए उन्होंने थोड़ी ढिलाई बरती, लेकिन यही फैसला खुद उनकी जान पर भारी पड़ गया।

## आलीशान बंगले की चाह में कुख्यात बदमाश बना चालक मनवीर, शव लेने नहीं आये परिजन

**शामली, 22 जनवरी (बु.)।** उदपुर गांव के जंगल में मुठभेड़ में मारा गया चौथा अज्ञात बदमाश करनाल का मनवीर था, जो अपराधिक जगत में आने के बाद ट्रक ड्राइवर था और ट्रक चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। आलीशान बंगले की चाह में उसने मुकीम काला गैंग के अरशद के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम देना शुरू किया। पुलिस के अनुसार, मनवीर मूल रूप से करनाल के पीर बडौली गांव का रहने वाला और अविवाहित था। उसके पिता फूल सिंह फैक्ट्री में काम करते थे। मनवीर के मन में हमेशा यही ख्वाहिश थी कि वह एक बड़े बंगले का मालिक बन जाए, आलीशान जिंदगी वह जीना चाहता था। इसी कारण जुर्म की राह पर चल निकला। पुलिस की जांच में पता चला है कि कुछ माह पूर्व ही मनवीर शराब तस्करी के आरोप में पकड़ा गया था, जिस पर वह जेल में बंद रहा। जेल में उसकी मुलाकात मुठभेड़ में मारे गए बदमाशों से हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनवीर कुछ समय पूर्व ही वैष्णो देवी से आया था। दो दिन पूर्व ही वह घर से दोस्तों के साथ खाने पीने की बात कहकर गया था। इसके बाद परिजनों को मुठभेड़ का पता चला। मुठभेड़ में मुस्तफा उर्फ कग्गा गैंग का शार्प शूटर एक लाख का इनामी गंगोह निवासी अरशद, सोनीपत के रोहट निवासी मंजीत उर्फ बिल्ला उर्फ जुबैर, करनाल के मधुबन के अशोक विहार निवासी सतीश और करनाल के घरौंडा निवासी मनवीर की मौत हो गई थी। मंगलवार देर रात तक चारों के शवों का पोस्टमार्टम चलता रहा। एसपी रामसेवक गौतम का कहना है कि गठित पैनल ने पोस्टमार्टम किया। अरशद, सतीश और मंजीत के शव देर रात में ही पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए, जबकि मनवीर का शव लेने के लिए परिजन नहीं पहुंचे।

# ट्रेन से कट कर 12 यात्रियों की मौत

**जलगांव 22 जनवरी (वार्ता)** महाराष्ट्र में जलगांव जिले में पाचोरा जंक्शन के समीप बुधवार शाम को 12533 डाउन पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने के भ्रम और अफवाह के बाद अलार्म चेन खींचकर चलती ट्रेन से हड़बड़ी में उतरने की कोशिश कर रहे कम से कम 12 यात्रियों की दूसरी लाइन पर तेजगति से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ट्रेन से कट कर मौत हो गयी।

सूत्रों के अनुसार शाम करीब पौने पांच बजे हुई इस घटना में पुष्पक एक्सप्रेस पाचोरा जंक्शन से कुछ दूरी पर एक मोड़ पर थी तभी एक वातानुकूलित 3 टियर कोच में हॉट एक्सेल के कारण बोगी में चिन्गारी और धुआं निकलने से लोग को आग लगने की आशंका से डर गये और अलार्म चेन पुलिंग करके ट्रेन को रोकने की कोशिश की और हड़बड़ी में उतरने लगे। अलार्म चैन पुलिंग के पश्चात नियमानुसार पुष्पक एक्सप्रेस के पायलट के ट्रेन की फ्लैशर लाइट आन कर दी। बगल की लाइन पर सामने से तेजगति से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस के चालक ने इसे नोटिस किया और उसने अपनी ट्रेन ब्रेकिंग शुरू की। लेकिन जहां घटना हुई वहां ट्रैक लगभग 2 डिग्री कर्वेचर वाला मोड़ होने के कारण ट्रैक पर उतरे लोगों के लिए कर्नाटक एक्सप्रेस ट्रेन को दूर से देख पाने और समय रहते ट्रैक से हट जाने का मौका नहीं मिल पाया और वे कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गये। सूत्रों ने कहा कि इस दुर्घटना में सभी घटनाएं इतनी तेजी से हुई कि रेलवे की ओर से इस घटना को बचाने की पूरी कोशिश के बावजूद दुर्घटना को टाला नहीं जा सका। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के सरकारी खर्च से इलाज एवं मृतकों को पांच पांच लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। रेल मंत्री ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं अन्य अधिकारियों से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली और सभी घायलों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया। उन्होंने मारे गए लोगों के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।





# योगी ने मंत्रियों संग त्रिवेणी में किया अमृत स्नान

## राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने भी किया स्नान





**महाकुंभ नगर 22 जनवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाकुंभ के अवसर पर पतित पाविनी गंगा,श्यामल यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में अपने मंत्रिमंडल के साथियों के संग पवित्र डुबकी लगायी और प्रदेश के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद श्री योगी अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ संगम स्थली पहुंचे और पवित्र डुबकी लगायी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार समेत सभी कैबिनेट मंत्री श्री योगी के साथ मौजूद थे। एक गोल घेरे में सभी ने संगम में डुबकी लगायी और सूर्य देवता को जल अर्पित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री प्रफुल्लित नजर आये और सभी साथियों के संग जल क्रीड़ा भी की। उन्होने इस अवसर पर फोटोग्राफरों को भी निराश नहीं किया और उनके कहने पर विभिन्न कोणों से फोटो भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के स्नान के दौरान घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार वातावरण में भक्तिरस का समागम कर रहा था।

# महिला ने खुलकर लगाए तहसील के पटवारियों, कानूनगो पर फर्जी वसीयत बनाने के आरोप

**मुजफ्फरनगर, 22 जनवरी (बु.)।** अलमासपुर निवासी संगीता सागर अपने परिवार के साथ आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची और वहां अपने पिता की हत्या व फर्जी वसीयत बनाकर उसकी सम्पत्ति को दूसरे के नाम बैनामा होने की जानकारी देते हुए तहसील के कानूनगो और पटवारियों पर खुलकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। संगीता सागर ने बताया कि उसके पिता की हत्या परिक्रमा मार्ग स्थित 04 अप्रैल 2023 को कर दी गयी थी। उसने बताया नाम सहित बताया कि जिले के कुछ भू-माफिया जिनमें विकास कश्यप, अजय सैनी, बाबूराम कश्यप, मांगेराम आदि के नाम शामिल हैं। ये भू माफिया पहले भी इन्हीं कृत्यों में जेल जा चुके हैं। 7 अक्टूबर 2022 को इन्हीं भू-माफियाओं ने तहसील कर्मियों के कानूनगो व पटवारी आदि अधिकारियों से मिलीभगत कर एक वसीयत तैयार करके एक बाहरी व्यक्ति अजय सैनी और पुलकित सागर को वारिस दिखाया तथा हमारे हिस्से पिता की जमीन बेच डाली। उक्त जमीन बीस-बाइस बीघा थी, अब वह मात्र 16 बीघा रह गयी है। यह सम्पत्ति अलमासपुर बाहर हदूद परगना व तहसील जिला मुजफ्फरनगर के खाता संख्या 80, खसरा सं. 203म, रकबई 2.7010 हैक्टेयर है। उक्त जमीन नकली वसीयत के आधार पर बुढ़ाना के विनोद प्रमुख के नाम करा दी गयी है। इसी के साथ ही संगीता ने बताया कि आरोपी विशाल, अजय, बाबूराम, मांगेराम उन्हें भी लगातार पिता की तरह हत्या किये जाने की धमकी दे रहे हैं। परिवार ने आज जिलाधिकारी से इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। माना जा रहा है कि जिलाधिकारी जल्द ही इस मामले में जांच कराएंगे और जो भी अधिकारी इस मामले में लिप्त होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेंगे।



## शाहपुर क्षेत्र में बिजली विभाग के जेई को खींचकर मारने की कोशिश, गाली गलौज कर अभियान रोका

**शाहपुर, 22 जनवरी (बु.)।** विद्युत निगम के अवर अभियंता ने गांव बसधाड़ा के करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध बकाया विद्युत कनेक्शन विच्छेदन के दौरान गाली गलौच व जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है । क्षेत्र के गांव दिनकरपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता नरेंद्र कुमार ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को वह उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम के साथ गांव बसधाड़ा में बकाया विद्युत विच्छेदन, बकाया बिल जमा कराने व विद्युत चोरी की रोकथाम आदि हेतु अभियान के अंतर्गत गांव बसधाड़ा गए थे । उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत कनेक्शन विच्छेदन के दौरान गांव के ही इरफान, शाहबाज, शाहिद, अफजल व रहमत आदि ने विद्युत विच्छेदन अभियान का विरोध कर अभियान को बंद करा दिया तथा अभियान का विरोध करते हुए भीड़ एकत्रित कर गाली गलौच करने के साथ भीड़ ने खींचकर जान से मारने का प्रयास किया। विद्युत निगम के अवर अभियंता ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में जांच की जा रही है। जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी ।

# बाईक भैंसा बुग्गी में टकराने से योग शिक्षक की मौत

**मीरापुर, 22 जनवरी (बु.)।** भुम्मा से मीरापुर आ रहे योगा शिक्षक की बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही भैंसा बुग्गी से टकरा गई, जिससे बाइक सवार योगा शिक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। भुम्मा गांव निवासी 24 वर्षीय निशांत तालियान पुत्र संजय उर्फ संजीव चौधरी वियतनाम देश में योगा की कोचिंग देता था। करीब दो माह पूर्व निशान्त अपने घर छुट्टी आया था। बुधवार की देर शाम निशांत बाइक पर सवार होकर किसी काम से मीरापुर जा रहा था। इस दौरान जब उसकी बाइक भुम्मा रजवाहे के समीप पहुंची, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही एक भैंसा बुग्गी से टकरा गई तथा उसकी छाती बुग्गी की बम से टकरा गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मृतक के परिजन व दर्जनों ग्रामीण मौके पर आ गए तथा शव को साथ ले गए। बताया जा रहा है कि गांव का ही व्यक्ति भैंसा बुग्गी से टिकौला शुगर मिल में गन्ना डालकर गांव लौट रहा था। इस दौरान निशांत की बाइक बुग्गी से टकरा गई। घर का इकलौता चिराग बुझने से परिवार में मातम छा गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ों ग्रामीण मृतक के घर पर शोक व्यक्त करने पहुंच गए थे।



मीरापुर में दुर्घटना में मृत योगा शिक्षक का फाइल फोटो

## आरएसएस पदाधिकारी की कार पर बदमाशों ने की फायरिंग

**मुजफ्फरनगर, 22 जनवरी (बु.)।** भोपा के रहने वाले आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सेवादास की कार पर बाइक सवार बदमाशों ने मंगलवार रात को फायरिंग कर दी। बदमाशों ने कई किलोमीटर तक उनका पीछा किया और उनकी कार जगह-जगह रोकने की कोशिश की गयी, मगर आरएसएस पदाधिकारी ने कार नहीं रोकी, जिस कारण बाल-बाल बच गये। यह घटना भोपा रोड पर मंगलवार की रात हुई। इस घटना की शुरूआत मुजफ्फरनगर के भोपा रोड के विश्वकर्मा चौक से हुई, जहां काले रंग की बाइक पर सवार दो युवकों ने कार को रांग साइड से आकर रोकने की कोशिश की, जब आरएसएस पदाधिकारी की कार नहीं रुकी तो बदमाशों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद बाइक सवारों ने कार पर वार कर उनकी कार का शीशा भी तोड़ दिया और तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गये साथ ही फायरिंग भी की। बदमाशों ने उनका पीछा भोपा नहर पुल तक किया। आरएसएस पदाधिकारी ने सकुशल घर तक पहुंचने में सफलता हासिल की। आरएसएस पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधिकारियों को बाइक का नम्बर दिया गया जिस आधार पर दो आरोपियों को पकड़कर उनका चालान भी कर दिया गया।

## 10 किलो गांजे के साथ तीन तस्कर शाहपुर पुलिस के हत्थे चढ़े

**शाहपुर, 22 जनवरी (बु.)।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन आरोपियों को अवैध नशीले पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि थाना पुलिस गांव बरवाला राजबहे की पुलिया पर चेकिंग अभियान चला रही थी । इसी दौरान बाइक पर सवार होकर तीन व्यक्ति उधर पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें रोक कर तलाशी ली। उनके पास से अवैध नशीला पदार्थ गांजा मिला । पुलिस तीनों को लेकर थाने आ गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सावेज पुत्र बाबूदीन, तासिम पुत्र निजामुद्दीन व नवाब पुत्र गफ्फार बताया। उन्होंने बताया कि वह तीनों माता वाली कॉलोनी सब्जी मंडी के पास कस्बा व थाना बागपत के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 424 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा व एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उनका चालान कर दिया ।

# उप्र सरकार ने दी नयी एयरोस्पेस नीति को मंजूरी

**महाकुम्भ नगर, 22 जनवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिये नई नीति को मंजूरी दे दी है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के एक लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में दस अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी जिसमें विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति की मंजूरी भी शामिल है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ योगी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी क्षमताओं, नवाचार और वैश्विक सहयोगी को गति मिल सकेगी। इस नीति का उद्देश्य यूपी में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में एक मजबूत, विश्व स्तरीय, उच्च प्रौद्योगिकी और कुशल ए एंड डी मैन्यूफैक्चरिंग वातावरण बनाना है। इसके अलावा ए एंड डी क्षेत्र में आधुनिकतम केंद्र विकसित करने के लिए स्टार्टअप और निवेश को भी आकर्षित किया जाएगा। यही नहीं यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा में स्टार्टअप और एमएसएमई के कौशन और क्षमता विकास के लिए ए एंड डी आधारित सामान्य सुविधा केंद्र बनाने पर भी योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। राज्य में प्रमुख ए एंड डी विनिर्माण परियोजनाओं और डीपीएसयू को आकर्षित करना, अनुसंधान को बढ़ावा देना भी इस नीति का प्रमुख हिस्सा है। इस नीति के जरिए ए एंड डी सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सॉफ्टवेयर विकास केंद्र को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। नीति के अंतर्गत अगले पांच साल में 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने के साथ ही 1 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे। इस नीति के अंतर्गत ए एंड डी सेक्टर की यूनिट्स को फ्रंट एंड सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। इसमें लैंड सब्सिडी, स्टैम्प ड्यूटी एग्जम्पशन और कैपिटल सब्सिडी भी दी जाएगी। साथ ही परिवहन शुल्क पर छूट जैसी सुविधाएं भी योगी सरकार प्रदान करेगी। यही नहीं महिला उद्यमियों को इस नीति के जरिए बड़ी राहत दी जाएगी।

# प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर श्रीरामलला के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**अयोध्या, 22 जनवरी (वार्ता)** अयोध्या में भव्य राममंदिर में श्रीरामलला की पहली वर्षगांठ के मौके पर उनके दर्शन पूजन के लिये भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। घने कोहरे और ठंड के बीच बुधवार भोर से ही कतारबद्ध हुये रामभक्तों ने अपने आराध्य का दर्शन पूजन किये। मंदिर के चारों ओर जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन किया था। राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।




उधर, मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षास्त्रोत का जाप होगा। बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे।श्रद्धालुओं में से अनेक ऐसे भी हैं जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। ट्रस्ट को भीड़ के आने का अनुमान था इसलिए व्यवस्थाएं भी तद्नुरूप की गई थी। राम मन्दिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा था। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे। रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदी कैलेंडर के मुताबिक 11 जनवरी को द्वादशी मनाई गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक दर्शन करने पहुंचे हैं।

